ing or rehabilitation of the refugees from NEFA. The question will be considered if and when such a reference is received.

Practice of Witchcrafts in the country

1064. Shri H. C. Soy: Will the Minister of **Health** be pleased to state the special steps taken so far to eradicate the practice of Witchcrafts and similar quacks who carry on their profession in tribal and non-tribal country-sides of our country?

The Minister of Health (Dr. Sushila Nayar): Legislation against quackery exists in the States of Maharashtra, Kerala and Gujarat. Other State Governments were advised in May, 1961, to promote suitable legislation prohibiting the practice of medicine by quacks and unregistered persons. Most of the State Governments are taking necessary steps in this direction.

संसद सदस्यों के लिए फ्लैट्स

१०६५. **श्री भक्त दर्शन** : क्या **निर्माण, आवास और पुनर्वास** मंत्री ८ नवम्बर, १९६२ के अतारांकित प्रश्न संख्या १९ के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि नार्थ एवेन्यू, नई दिल्ली में वर्तमान बैरकों को गिराकर संसद सदस्यों के लिए जो नए फ्लैट्स बनाये जाने वाले थे, अभी तक भी उनका निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं हो पाया है ;

(ख) यदि हां, तो देरी के क्या कारण है ; और

(ग) इस निर्माण-कार्य को शीघ्र प्रारम्भ करके पूरा करने के लिए कौन से विशेष कदम उठाये जा रहे हैं ?

निर्माण, आवास और पुनर्वास मंत्री (श्री मेहर चन्द खन्ना) : (क) से (ग). इस स्थान पर बनी हुई बैरकों को ढहा दिया गया है और संसद सदस्यों के लिए नये फ्लैटों के निर्माण का कार्य शीघ्र ही शुरू हो जायेगा ।

पंचकुइयां मार्ग, नई दिल्ली पर नये क्वार्टरों का निर्माण

१०६६. **श्री भक्त दर्शन** : क्या **निर्माण, आवास और पुनर्वास** मंत्री १५ नवम्बर, १९६२ के अतारांकित प्रश्न संख्या ४२७ के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पंचकुइयां मार्ग, नई दिल्ली स्थित चौथी श्रेणी के पुराने क्वार्टरों को तोड़ कर नये क्वार्टर बनाने का काम अभी तक प्रारम्भ नहीं हो पाया है;

(ख) यदि हां, तो इस कार्य में इतनी देरी होने के क्या कारण हैं ; और

(ग) इन नये क्वार्टरों के निर्माण-कार्य को शीघ्र से शीघ्र पूरा करने के लिए कौन से कदम उठाए जा रहे हैं ?

निर्माण, आवास और पुनर्वास मंत्री (श्री मेहर चन्द खन्ना) : (क) से (ग). इस स्थान पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए ८०४ दो कमरों वाले दुमंजिले क्वार्टरों के निर्माण की मंजूरी दी जा चुकी है और काम शीघ्र ही शुरू हो जायेगा ।

आवास योजनायें

१०६७. **श्री बाल्मीकी**: क्या **निर्माण, आवास और पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राष्ट्रीय संकट काल को दृष्टि में रखते हुए आवास की किन-किन योजनाओं को रोका गया है और किस हद तक ;

(ख) इससे कितना धन बचाया जा सकेगा ;

(ग) आवास के लिये कर्जा देने के दायरे क्या सीमित किये गये है ; और

(घ) यदि हां, तो किस हद तक ?